# सार्वजनिक सूचना

No. BSEH/EW/0016/2025 DATE : 01...08-2025

## सुशीला एवं राकेश स्मृति पुरस्कार हेतु बोर्ड वैबसाईट पर कर सकते है आवेदन

..01. अगस्त, 2025 : हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023–24 व 2024–25 में संचालित करवाई गई परीक्षाओं के दौरान नकल उन्मूलन में अहम भूमिका निभाने वाले अध्यापक/अध्यापिकाएं सुशीला एवं राकेश स्मृति पुरस्कार के लिए 15 अगस्त, 2025 तक बोर्ड की आधिकारिक वैबसाईट www.bseh.org.in पर उपलब्ध Google Form पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

जैसा कि ज्ञात है परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने हेतु हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रत्येक वर्ष नकल उन्मूलन अभियान में अहम भूमिका निभाने वाले जिला स्तर पर 01 अध्यापिका व 01 अध्यापक को क्रमशः सुशीला एवं राकेश स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। शैक्षणिक सत्र 2023–24 व 2024–25 की सैकेण्डरी/सी0 सैकेण्डरी/डी0एल0एड0 की परीक्षाओं के लिए सुशीला एवं राकेश स्मृति पुरस्कार हेतु जिला स्तर पर 01 अध्यापक एवं 01 अध्यापिका का निर्धारित मापदण्ड अनुसार चयन किया जाना है। नकल उन्मूलन में अहम भूमिका निभाने/उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्बन्धित अध्यापक एवं अध्यापिकाएं 15 अगस्त 2025 तक बोर्ड की आधिकारिक वैबसाईट www.bseh.org.in पर उपलब्ध Google Form पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। निर्धारित तिथि उपरान्त किसी प्रकार के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

सचिव